
www.amritvichar.com
# अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , मंगलवार,12 मई 2026

## सुविचार



मैं सो गया और मैंने सपना देखा कि जीवन आनंदमय है। मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है। मैंने कर्म किया और देखा कि सेवा ही आनंद है।
- रवींद्र नाथ टैगोर


**बरेली के प्रमुख समाचार**

- जिला अस्पताल में बिना इलाज तड़पता रहा करंट से झुलसा नौजवान-II
- 120 किमी की रफ्तार से दौड़ी ओएमएस स्पेशल- III
- जनगणना ड्यूटी से बचने को जुगत लगा रहे कर्मचारी- IV


## सिटी ब्रीफ

### एनिमल सेंटर का टेंडर निरस्त करने के निर्देश

**बरेली अमृत विचार :** सीबीगंज के नदौसी में नवनिर्मित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर के संचालन के लिए चयनित एजेंसी संतुलन जीव कल्याण का टेंडर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। लगभग 1.80 करोड़ की लागत से बने इस सेंटर की क्षमता 200 कुत्तों की है। एजेंसी को कार्य शुरू करने के लिए तीन बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन उसने काम में कोई रुचि नहीं दिखाई। अब दोबारा टेंडर निकालने की तैयारी है।

### जल्द भरेंगे भाजपा संगठन में रिक्त पद

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा जिला व महानगर संगठन में खाली चल रहे पद जब भरने की तैयारी में है। सोमवार को लखनऊ में हुई संगठनात्मक बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्षों, प्रभारियों के साथ प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाग लिया। बूथ प्रबंधन मजबूत बनाने, रिक्त पदों को जल्द भरने तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। यह बैठक 12 मई को होने वाली जिलाध्यक्षों की बैठक की तैयारी मानी जा रही है। मंगलवार को जिला प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी।

## शहर में आज

- रोहिलखंड कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस एवं कम्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस इन कम्युनिटी हेल्थ पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन एलटी-10 हॉल में सुबह 9 :30 बजे से 5 बजे तक
- ज्येष्ठ माह का दूसरा बड़ा मंगलवार को बाबा तपेश्वर नाथ मंदिर में सुन्दरकांड पाठ सुबह 10 बजे से
- रोहिलखण्ड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा अजेन्टिक एआई मार्केटिंग व ऑपरेशन पर सेमिनार शाम 5 :30 बजे
- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे, 12 बजे से 2 बजे ओर 3 बजे से 5 बजे तक

# चिंता:सावन में बरेली-बदायूं रोड पर होगी शिवभक्तों के धैर्य की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सावन में कांवड़ जत्थे (फाइल फोटो)।



बदायूं हाईवे पर डायवर्जने के चलते रेंगते वाहन। ● अमृत विचार

- सावन के प्रत्येक सोमवार को उमड़ेगा शिवभक्तों का सैलाब
- सिंगल लेन ट्रैफिक व्यवस्था में आवागमन को होगी मुश्किल

**अमृत विचार:** चौड़ीकरण और जगह-जगह डावर्जन के चलते बरेली-मथुरा रोड के जब अभी सामान्य दिनों में ही खाने-खराब हैं तो सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान स्थिति कैसी बनेगी ? नाथनगरी से कछला घाट तक रोज हजारों हजार शिवभक्त कांवड़ियों के जत्थे उमड़ेगे तो जाम के पेंच और गंभीर होते नजर आएंगे। आगे की सोचकर पुलिस अधिकारी अभी से टेंशन में आ रहे हैं। बरेली से बिनावर तक 37 किलोमीटर की सड़क बेतरतीब डायवर्जनों के जाल में उलझी है। फोरलेन परियोजना को पूरा करने की डेडलाइन नवंबर 2027 है और हालात देखते हुए नहीं लगता कि काम समय से पूरा हो सकेगा। ऐसे में इस बार का समय कछला घाट से जल लेकर बरेली, पीलीभीत, कासगंज, एटा आने-जाने वाले कांवड़ियों के लिए किसी इम्तिहान से कम नहीं होगा !

हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बरेली-मथुरा रोड पर सिंगल लेन ट्रैफिक प्लान लागू किया जाता है, ताकि शिवभक्तों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। लेकिन, इस बार सड़क फोरलेन के चलते इस बार सड़क चौड़ीकरण कार्य अधूरा होने से पुलिस अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। कई जगह सड़क पूरी तरह उखड़ी हुई है, जबकि कुछ हिस्सों में एक ही लेन से दोनों तरफ का ट्रैफिक निकाला जा रहा है। इससे दिन में कई बार लंबा जाम लग रहा है। ऐसे में बरेली से बिनावर तक चाढ़पुर, भमोरा, सिरोली समेत कई जगहों पर डायवर्जन के बीच श्रावण मास में जब कांवड़िये गुजरेंगे, तब सिंगल लेन ट्रैफिक प्लान और भी जटिल होगा। उबड़-खाबड़ सड़क पर पैदल और बाइक सवार शिवभक्तों को शारीरिक कष्ट होंगे और उनकी यात्रा भी अधिक समय में पूरी होगी। लोगों का कहना है कि सावन शुरू होने से पहले डायवर्जनों को दुरुस्त नहीं किया गया तो हाईवे पर इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान दिक्कतें हो सकती हैं।

### धूल के गुबार, कंकड़-पत्थर बढ़ाएंगे परेशानी

मई की चिलचिलाती धूप में उड़ रही धूल ने अभी से लोगों का सांस लेना दूभर कर रखा है। अगस्त में यदि मानसून की बारिश हुई, तो निर्माण वाले स्थानों पर कीचड़ और फिसलन शिवभक्तों की मुसीबत दोगुनी कर देगी। इधर, कांवड़ यात्रा के दौरान निर्माणाधीन हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू करना मुश्किल होगा।



दुकान के सामने दिनभर धूल के गुबार उड़ते हैं, जिससे सारा सामान खराब हो जाता है। अब अगस्त में कांवड़ यात्रा शुरू होगी, तो स्थिति और भयावह हो जाएगी। ठेकेदार को कम से कम सड़क पर पानी का छिड़काव तो करना चाहिए। **–कौशल**, दुकानदार



जाम की वजह से यात्री रुकना कम कर रहे हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। दिनभर धूल के कारण परेशानी बनी रहती है। जिससे बाहर से आने वाले वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं। कांवड़ यात्रा में स्थिति और बिगड़ सकती है।
– **प्रदीप**, दुकानदार



सावन के महीने में जब कछला घाट से शिवभक्तों के जत्थे निकलेंगे, तो इस रोड पर सफर ओर भी मुश्किल होगा। सरकार को चाहिए कि इस महत्वपूर्ण हाईवे पर काम की गति तेज करे ताकि 2027 से पहले कुछ राहत मिल सके।
**–मंगलीराम मौर्य**, राहगीर



भारी वाहनों के लिए यह सड़क अब सुरक्षित नहीं रह गई है। डायवर्जन इतने संकरे हैं कि दो गाड़ियां एक साथ नहीं निकल पातीं। कांवड़ यात्रा के दौरान जब भक्तों की भीड़ होगी, तो यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। **–अर्जुन**, ट्रक चालक

# अभिषेक बने प्रभारी तहसीलदार नवाबगंज, घोटाले की जांच तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने घपलेबाजी की जांच को गठित की 3 सदस्यीय कमेटी

**अमृत विचार :** ज्योरा मकरंदपुर के चर्चित सरकारी जमीन प्रकरण में डीएम ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। वहीं, तहसीलदार नवाबगंज दुष्यन्त प्रताप सिंह को कलेक्ट्रेट से संबद्ध कर उनकी जगह नायब तहसीदार सदर अभिषेक तिवारी को प्रभारी तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी है। इस मामले में तत्कालीन तहसीलदार से लेकर कई और कर्मचारियों की भूमिका जांच के घेरे में आ गई है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे और एसडीएम नवाबगंज को जांच सौंपी है। टीम ने जांच में पुराने राजस्व अभिलेख, नामांतरण फाइलें और धारा-38 की कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज खंगाना शुरू कर दिए हैं। शुरुआती जांच में यह संकेत मिले हैं कि वर्ष 2013 के निरस्त पट्टों को आधार बनाकर सरकारी भूमि को निजी पक्ष के कब्जे में बनाए रखने की कोशिश की गई। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि कई महत्वपूर्ण फाइलों में मूल दस्तावेजों के बजाय फोटोकॉपी लगाकर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। मामले में कानूनगो श्याम सुंदर गुप्ता की भूमिका सबसे ज्यादा चर्चा में है। आरोप है कि उन्होंने लेखपाल की अनिवार्य आख्या के बिना ही फाइल को आगे बढ़ा दिया।

> मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। कई और नाम भी सामने आ सकते हैं।
> – **अविनाश सिंह**, जिलाधिकारी

# नवदिया ब्रिज पर 1 जुलाई से दौड़ेंगे वाहन

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर 980 मीटर लंबा सिक्सलेन फ्लाईओवर शुरू होने से मिलेगी ट्रैफिक को राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनएचएआई ने जून अंत तक सभी कार्य पूरे करने का तय किया लक्ष्य
- ब्रिज पर सड़क डालने की तैयारी एप्रोच मार्ग का भी शुरू हुआ काम



फ्लाईओवर का मुख्य ढ़ाचा बनने के बाद सड़क बिछाने की तैयारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बड़ा बाईपास पर हादसों को लेकर सबसे बड़ा ब्लैक स्पॉट बने नवदिया झादा पर बन रहे फ्लाईओवर पर 1 जुलाई से वाहन फर्राटा भरने लगेंगे। 980 मीटर लंबे सिक्सलेन ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। दिल्ली से शाहजहांपुर जाने वाले एप्रोच मार्ग पर भी तेजी काम चल रहा है। फ्लाईओवर पर सड़क डालने के लिए गिट्टी बिछाई जा रही है। एनएचएआई का दावा है कि जून के अंति तक सभी काम पूरे करने का लक्ष्य तय किया गया है।

करीब 29.83 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का सफर चुनौतियों भरा रहा है। पहले इसे इसी साल जनवरी में पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन पिछले साल हुई बेमौसम और भारी बरसात ने काम की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया था। मौसम की मार के कारण निर्माण कार्य में देरी हुई, जिसके चलते अब जून की नई डेडलाइन तय की गई है। अधिकारियों का दावा है कि सिविल कंस्ट्रक्शन का काम अंतिम चरण में हैं। मई और जून में पेंटिंग, लाइटिंग, फिनिशिंग जैसे सौंदर्यीकरण के कार्यों को पूरा कर एक जुलाई से इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इधर, बता दें, नवदिया झादा चौराहा जिले का सबसे बड़ा 'ब्लैक स्पाट' माना जाता है। अब तक दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके शुरू होने से दिल्ली-लखनऊ और नैनीताल मार्ग का सफर आसान होगा। जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी।

### बड़ा बाईपास पर ब्लैक स्पॉट बना था चौराहा

नवदिया झादा पर सिक्सलेन फ्लाईओवर के साथ-साथ एनएचएआई ने अंडरपास का निर्माण भी कराया गया है। यह अंडरपास उन हजारों यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा जो बरेली-बीसलपुर मार्ग का उपयोग करते हैं। व्यवस्था के तहत बीसलपुर रोड का यातायात दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बने रहे फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास से बिना किसी बाधा के सीधे आर-पार हो सकेगा। इससे यात्रियों को हाईवे के ट्रैफिक के बीच फंसने या लंबा मोड़ लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वर्तमान में निर्माण के चलते लोगों को दो किलोमीटर तक का अतिरिक्त चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय बर्बाद हो रहा है बल्कि भीषण जाम की स्थिति भी बनी रहती है। यह अंडरपास इस समस्या को जड़ से खत्म कर देगा।

> नवदिया झादा चौराहे पर सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। वर्तमान में एप्रोच रोड का काम अंतिम चरण में है। हमारा लक्ष्य जून के अंत तक सभी तकनीकी कार्यों को पूर्ण कर इसे हर हाल में एक जुलाई से आम जनता और वाहनों के सुगम आवागमन के लिए समर्पित करना है, जिससे यात्रियों को जाम और दुर्घटनाओं से स्थायी राहत मिल सके।
> – **अरविंद कुमार**, पीडी एनएचएआई, मुरादाबाद

## खतरनाक सवारी





हम हेलमेट को बोझ और ट्रैफिक नियमों को चुनौती समझते हैं, लेकिन जैसे ही सड़क लहूलुहान होती है, हम सारा दोष प्रशासन की फाइलों में ढूंढने लगते हैं। स्कूटी पर लदे ये पांच बच्चे और साथ में भारी बस्ते... अगर आज इनका संतुलन बिगड़ा, तो कल आप किसे जिम्मेदार ठहराएंगे ? सड़क को, ट्रैफिक पुलिस को या उस अभिभावक को जिसने मासूमों को इस हाल में सड़क पर उतारा ? याद रहे, विभाग 'गड्ढे' भर सकता है, आपके घर का 'शून्य' नहीं !

**विवरण एवं फोटो** ● हरदीप सिंह टोनी

# जिले में ओवरहेड टैंकों की होगी जांच , बनाई गईं टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरदार नगर में टैंक ढहने के बाद प्रशासन सख्त

**अमृत विचार :** हाल ही में सरदार नगर क्षेत्र में पानी की टंकी ढहने की घटना ने जल जीवन मिशन को लेकर गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में सात लोग घायल हो गए थे। इसके बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। निर्माण एजेंसी एनसीसी लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले में निर्माणाधीन और तैयार वाटर टैंकों की जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर टीमों का गठन किया गया है, जो निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और तकनीकी पहलुओं की पड़ताल करेंगी। जांच टीमों को विशेष रूप से यह देखने के निर्देश दिए गए हैं कि कहीं निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी तो नहीं हुई। साथ ही इस्तेमाल की गई सामग्री, तकनीकी स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया की भी जांच की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने सभी निर्माण एजेंसियों को भी चेतावनी दी है कि कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। इस सम्बंध में प्रशासन की ओर से कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# बरेली में 31 को होगा व्यापारी समागम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम में जुटे व्यापार मंडल के पदाधिकारी व नए सदस्य। ● अमृत विचार

- 500 युवा पदाधिकारी लेंगे प्रशिक्षण, 25 सौ व्यापारियों की होगी बैठक

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने युवा नेतृत्व को मजबूत करने के लिए 31 मई को बरेली में विशाल व्यापारी समागम होगा। प्रांतीय युवा प्रशिक्षण शिविर शपथ ग्रहण समारोह और भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होंगे। सोमवार को हुई बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।

प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल शुरू से ही युवा सदस्यों को संगठन संचालन और व्यापारिक हितों के संरक्षण का प्रशिक्षण देने की नीति पर कार्य कर रहा है। ताकि भविष्य में वही युवा संगठन और देश की मजबूत धरोहर बन सकें। युवा महानगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्रदेश भर से लगभग 500 युवा पदाधिकारी शामिल होंगे। 31 मई को पांच अलग-अलग सत्रों में उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह होगा। महानगर महामंत्री ईशान गुप्ता ने बताया कि 31 मई की रात जिले के करीब ढाई हजार व्यापारियों की बैठक और भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। महानगर कोषाध्यक्ष संजीव चांदना ने कहा कि तीनों कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं।

बैठक में 10 व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की। बैठक में युवा जिला अध्यक्ष रचित गुप्ता, जिला महामंत्री अभिषेक वर्मा, राजेश जसोरिया, विपिन गुप्ता, संदीप अग्रवाल मिंटू, तरुण अग्रवाल, विपिन गर्ग, मोहसिन आलम, दर्शन लाल भाटिया, दुर्गेश खटवानी, विपिन कोहली, अंजनी गुप्ता, मनमोहन सभरवाल, मुकेश खटवानी जयदीप अग्रवाल टीटू, समित अग्रवाल, कैलाश मित्तल अवधेश अग्रवाल डब्बू, गिरीश अग्रवाल आशीष मेहरोत्रा, राकेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आईकार्ड के साथ टैक्स विभाग में बैठेंगे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्य कर निर्धारण अधिकारी बोले, आईकार्ड से फर्जीवाड़ा पर लगेगी लगाम

**अमृत विचार :** नगर निगम के टैक्स विभाग में बिचौलियों की एंट्री रोकने को आईकार्ड व्यवस्था लागू की जा रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों के लिए ड्यूटी पर आईकार्ड पहनना अनिवार्य कर दिया है। इस पहल का मकसद दलालों और बाहरी तत्वों की पहचान करना है, जो खुद को टैक्स विभाग का कर्मचारी बताकर अवैध वसूली करते हैं।

नगर निगम के टैक्स विभाग में अक्सर यह शिकायतें आती रही हैं कि दलाल टैक्स असेसमेंट और हाउस टैक्स सुधार जैसे कामों में जनता को गुमराह करते हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी का कहना है कि इस पारदर्शी व्यवस्था से दफ्तर आने वाले करदाताओं को यह पहचानने में आसानी होगी कि वे अपनी फाइल किसी अधिकृत कर्मचारी को दे रहे हैं या बिचौलिए को। बिना पहचान पत्र के घूमने वालों पर नजर रहेगी। जनता से भी अपील की है कि नगर निगम ही नहीं टैक्स विभाग के जोनल कार्यालय में भी वे टैक्स से जुड़े किसी भी कार्य के लिए केवल पहचान पत्र धारक कर्मचारियों से ही मिलें।

# बसपा ने भोजीपुरा और बिथरी में पदाधिकारी बदले

**बरेली, अमृत विचार :** बसपा की सेक्टर-बूथ कमेटियों की समीक्षा में भोजीपुरा और बिथरी विधानसभा की रिपोर्ट खराब रही। मंडल प्रभारियों की रिपोर्ट में इन दोनों क्षेत्रों का प्रदर्शन फिसड्डी पाए गए। बसपा अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने राजेन्द्र पाल गौतम को भोजीपुरा और चन्द्र प्रकाश गौतम को बिथरी चैनपुर की जिम्मेदारी सौंपी है। वेद प्रकाश वाल्मीकि को जिला कार्यकारिणी में जगह देते हुए भुवनेश कुमार गौतम को फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र का महासचिव नियुक्त किया गया है। बसपा 2027 को लेकर तेजी से चुनावी तैयारी में जुटी है।

# बंगाल रिजल्ट पर बरेली में घमासान, मुद्दा बन रहे मुसलमान

कार्यालय संवाददाता

**बरेली, अमृत विचार:** पश्चिमी बंगाल के बाद अब अगले साल यूपी में चुनाव होने हैं और इसे लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ती नजर आ रही हैं। समाजवादी पार्टी की निगाहों के बीच मुस्लिमों के बीच से ही कई तरह की आवाजें उठ रही हैं। सपा पर भाजपा का डर दिखाकर मुस्लिमों के वोट बटोरने के आरोप लग रहे हैं।

उधर इटावा में सपा प्रमुख केदारेश्वर मंदिर बनवा रहे हैं और इधर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शौहाबुद्दीन रजवी जैसे धर्मगुरू उनके खिलाफ मोर्चे सजा रहे हैं। सपा भी मौन नहीं बैठ रही और जवाबी हमले बोल रही है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच भगवा कैंप की ओर से भी चुनावी बहस त्रिकोंणीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही।

### सपा का दूसरा विकल्प तलाशें मुस्लिम: शहाबुद्दीन



**बरेली।** मुस्लिम धर्मगुरू मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मुसलमानों के नाम खुला पत्र जारी किया है। लिखा- अखिलेश मुस्लिम मसाइल पर बोलने से कतरा रहे हैं। उनका सॉफ्ट हिन्दुत्व की ओर झुकाव है। उलमा व बुद्धिजीवियों को गंभीर विमर्श की जरूरत है। याद होगा कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह ने यादव ने नरेन्द्र मोदी के दूसरी-तीसरी बार पीएम बनने की दुआ मांगी थी। अखिलेश यादव ने सीएम बनने पर योगी आदित्यनाथ को अपने घर में रहने का ऑफर दिया था। सपा मुस्लिमों को भाजपा का डर दिखाकर वोट मांगती है। सपाई-भाजपाइयों में मेलजोल की तस्वीरें भी खूब सामने आती हैं। मुसलमान सपा को वोट देते रहे हैंलेकिन 2027 के लिए दूसरे विकल्प तलाशने होंगे।

### सत्ता का मोहरा बन गए हैं मौलाना : शमीम सुल्तानी



बरेली। शहाबुद्दीन के पत्र को लेकर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने जवाबी मोर्चा संभाला है। सुल्तानी ने कहा कि मौलाना की चिट्ठी से सपा नेताओं में रोष है। शहाबुद्दीन सस्ती लोकप्रियता के लिए आये दिन ऐसे बयान देते रहते हैं। कोई शक नहीं है कि उनका भाजपा से कोई समझौता हो गया हो ! राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को किसी से सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं हैं। हमारा दल सेकुलरिज्म में भरोसा रखता है। मुस्लिमों की नहीं, सपा हर हर कमजोर वर्ग के हक की आवाज उठाती है। मौलाना शहबुद्दीन जैसे लोग कठपुतली की तरह काम करते हैं, जिनकी डोर किसी और के हाथों में होती है। जागरूक मुसलमान जानते हैं कि उनको किसके साथ खड़ा होना है।

### सबने छला अब भाजपा से जुड़ें मुसलमान: जफर बेग



सपा के महानगर अध्यक्ष रह चुके और मौजूद समय में भाजपा के प्रमुख चेहरों में शुमार जफर बेग ने बहस को लेकर कहा कि तरक्की के लिए मुसलमानों को भाजपा से जुड़ना चाहिए। बाकी सभी पार्टियों ने इस्तेमाल तो किया मगर दिया कुछ नहीं। सच्चर कमेटी में दलितों से बदतर हालात मुस्लिमों के बताए गए। विपक्षी नेताओं ने मुस्लिमों के कंधे पर हाथ रखकर बहलाया-फुसलाया और भाजपा के बीच दीवार खड़ी कराई। अब देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं। मुसलमानों ने नाममात्र का ही समर्थन भाजपा का किया है। हर जगह बहुलता के साथ विपक्ष को जिताने और भाजपा को हराने की कोशिश की गई मगर नाकामी ही मिली। भाजपा किसी भी योजना में मुसलमानों के साथ भेदभाव नहीं कर रही है। सभी बड़ी परीक्षाओं में मुस्लिम बच्चे लगातार परचम लहरा रहे हैं। क्लास वन अफसर, डाक्टर-इंजीनियर बन रहे हैं। इसका मतलब सब कुछ निष्पक्ष है। मुसलमान भाजपा के साथ जुड़ेंगे तो जो समस्या और गैप है, वह भी खत्म हो जायेगा।

## सिटी ब्रीफ

### धर्मगुरु के खिलाफ टिप्पणी से आक्रोश मुकदमा दर्ज

**बरेली अमृत विचार :** प्रमुख धार्मिक धर्मगुरु के खिलाफ गलत टिप्पणी से उनके चाहने वालों में आक्रोश फैल गया। टिप्पणी का वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बिहारीपुर क्षेत्र में सौदागरान निवासी मोइन अख्तर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि बड़े धर्मगुरु के खिलाफ यासीन शेख कई दिनों से सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर धार्मिक टिप्पणी कर रहा है। इससे धर्मगुरु के चाहने वालों में आक्रोश है। वीडियो वायरल होने के चलते हजारों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एम्बुलेंस की तत्परता से बची बुजुर्ग मरीज की जान

**बरेली, अमृत विचार :** ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के ग्राम कुड्डा निवासी 65 वर्षीय कुंवरसेन की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन पर कॉल किया। एम्बुलेंस पहुंची और मरीज को जिला अस्पताल ले जाने लगी। रास्ते में मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी और सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी। ईएमटी विष्णु ने मरीज के सभी जरूरी वाइटल चेक किए और तुरंत ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। 4 लीटर प्रति मिनट की दर से ऑक्सीजन दी गई, जिससे उनकी स्थिति में कुछ सुधार आया। एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया।

# जिला अस्पताल में बिना इलाज तड़पता रहा करंट से झुलसा नौजवान

## बगैर एंबुलेंस के ठेली पर मरीज, टैंपो में लाश के बाद अब गंभीर रूप से झुलसे युवक की चीखों से सामने आया जिला अस्पताल में सिस्टम का सच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जरूरतमंद-गरीब इलाज के लिए जिस जिला अस्पताल को आखिरी उम्मीद मानते हैं, वहां के हालात इन दिनों बिल्कुल भी ठीक नजर नहीं आ रहे। एंबुलेंस के अभाव में ठेली पर मरीज और टैंपो में लाश की गूंज अभी कम नहीं हुई थी कि सोमवार को रेलवे यार्ड में इलेक्ट्रिक करंट लगने से झुलसे अजनबी नौजवान की चीखों ने सरकारी हेल्थ सिस्टम को फिर आइना दिखा दिया। जीआरपी की टीम उसे इमरजेंसी में उसकी हालत पर छोड़कर चलती बनी।

रेलवे पुलिस के सिपाही सनी कुमार नाम बता रहे युवक को बर्न वार्ड में भर्ती कराने जिला अस्पताल लाए थे। पहले तो जला हुआ मरीज देर तक टैंपो में ही तड़पता रहा मगर कोई कर्मचारी स्ट्रेचर लेकर नहीं पहुंचा। भारी जलन से बेहाल नौजवान टैंपो से खुद निकलकर बाहर टहलता रहा। फिर इमरजेंसी वार्ड के अंदर जाकर फर्श पर लेट गया। कराहता-चीखता रहा और हैल्थ स्टाफ दूसरे कामों में व्यस्त रहा। इमरजेंसी में ही आधे घंटे से ज्यादा गुजर गए। बाद में जैसे-तैसे उसे भर्ती कर बर्न वार्ड भेजा गया। युवक काफी ज्यादा झुलसा बताया गया है। हालात नाजुक है। उसका वीडियो वायरल हो रहा है और सिस्टम की संवेदनाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं,

एडीएसआईसी डा. रमेश चन्द्र दीक्षित ने इस बारे में बताया कि मरीज को पुलिस वाले लेकर आए थे। डाक्टर से स्टाफ तक सब मौके गए थे। जलन अधिक होने पर वह ठंडे फर्श पर लेट गया था। मरीज का बर्न वार्ड में उपचार किया जा रहा है।



फर्श पर पड़ा झुलसा हुआ मरीज।

- रेलवे यार्ड में जली हालत में मिला था 20 साल का युवक
- जीआरपी की टीम जिला अस्पताल में छोड़कर लौटी

### अफसरों ने लगाई सुरक्षा गार्डों की फटकार

एडीएम एफआर संतोष सिंह ने जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सिक्योरिटी गार्डों को फटकार लगाई। उन्होंने पूछा कि अस्पताल परिसर में ठेला आने की जानकारी किसी को कैसे नहीं हुई? डीएम अविनाश सिंह भी साफ कहा है कि लापरवाही, साजिश या तथ्य छिपाने की कोशिश सामने आती है तो सम्बंधित के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

### ठेले पर मरीज....एडी हेल्थ जांच में जुटे, देखे सीसीटीवी

**बरेली, अमृत विचार :** ठेले पर मरीज को ले जाने के मामले की शुरुआती जांच में वार्ड सहायक और नर्स की लापरवाही सामने आई है। सोमवार को एडी हैल्थ जिला अस्पताल पहुंचकर जांच में जुटे रहे। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड के सीसीटीवी कैमरे से लेकर रजिस्टर-रिकार्ड सब चेक किया। पता लगा है कि महिला मरीज भर्ती हुई थी, लेकिन पति स्टाफ को सूचना दिए बगैर ही उसको ठेली पर रखकर ले गया था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बरेली जिला अस्पताल मामले की गूंज शासन तक सुनी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक ने प्रकरण को गंभीरता से लेकर कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। ऐसा आरोप है कि इमरजेंसी में इलाज नहीं मिलने के बुजुर्ग ठेले से पत्नी को ले गया। एडी हेल्थ डॉ. तेजपाल जांच में जुटे हैं। छानबीन में महिला का नाम अरहरि देवी और पता सिंधु नगर मौर्या मंदिर के पास होने की बात सामने आई है। जांच में पता चला है कि वह 9 मई को सुबह करीब 11 बजे इमरजेंसी में आई थी। शाम करीब 4 :25 बजे पति उसे ठेले से लेकर चला गया था। जांच में सामने आया कि महिला को पीठ में दर्द था। परिजन एंबुलेंस से लेकर आए थे। भर्ती होने के बाद डॉ. ने उसे देखा था और दवा लिखी थी। करीब 5 घंटे तक वह वार्ड में भर्ती रही थी। शुरुआती जांच में चिकित्सकीय लापरवाही नहीं मानी जा रही। वार्ड सहायक और स्टाफ नर्स पर लापरवाही को लेकर गाज गिरना तय है।

### पर्चा काउंटर पर होती दिखी धक्कामुक्की, एक दिन में पहुंचे दो हजार मरीज



**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को बड़ी संख्या में मरीज उपचार कराने के लिए पहुंचे। सुबह से लेकर दोपहर तक मरीजों की कतारें काउंटर के सामने लगी रही। लाइन में लगे मरीजों के बीच काहसुनी के बाद धक्कामुक्की भी हुई। सुरक्षा गार्ड ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। दो बजे ओपीडी खत्म होने का समय रहा, लेकिन मरीजों की संख्या अधिक होने पर ढाई बजे तक दवा वितरित की गई। 2 हजार से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ। बुखार, खांसी, उल्टी-दस्त, पेट दर्द, सांस और त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे अधिक रही। पैथोलॉजी में जांच कराने के लिए 200 से अधिक मरीज पहुंचे। सीएमओ कार्यालय में सोमवार को दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में दिव्यांग पहुंचे। गर्मी और उमस के बीच सुबह 10 :30 बजे से ही लोग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लाइन में लगे रहे। शिविर में 86 दिव्यांगों का पंजीकरण हुआ। अभिलेखों की जांच के बाद उनका चिकित्सकीय परीक्षण किया गया।

# चेकिंग में महिला हॉस्पिटल से डॉक्टर-स्टाफ गायब मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल मामले का शोर राजधानी तक पहुंचने के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। जिला महिला चिकित्सालय में सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मीरगंज निधि डोडवाल, अपर उपजिलाधिकारी (सदर) मल्लिका नैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राना और सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पाण्डेय के निरीक्षण में व्यवस्थाओं में खामियां सामने आईं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक त्रिभुवन प्रसाद ड्यूटी पर नहीं मिले। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. शमी और डॉ. मिनाक्षी भी ड्यूटी पर नहीं थीं। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित थे। अल्ट्रासाउंड कक्ष में मरीजों से संबंधित कोई वैध रजिस्टर नहीं मिला। अल्ट्रासाउंड नोडल अधिकारी डॉ. सीपी सिंह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। अधिकारियों ने संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अल्ट्रासाउंड वार्ड में तैनात वार्ड सहायक नीलम यादव के खिलाफ मरीजों से दुर्व्यवहार की कई शिकायतें भी सामने आईं, जिस पर अधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश दिए। मरीजों ने बताया कि अल्ट्रासाउंड कराने के लिए तीन माह बाद की तारीख दी जा रही है, जिससे गंभीर मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं हेल्पडेस्क पर शिकायत पंजिका में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति स्पष्ट नहीं मिली। आपातकालीन सेवाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए प्रवेश द्वार पर स्ट्रेचर न ही व्हीलचेयर उपलब्ध थी। साथ ही प्रवेश द्वार पर वार्ड सहायक और सुरक्षा गार्ड भी गायब मिले। महिला मरीज तरनीम ने बताया कि उनकी पैथोलॉजी जांच अस्पताल में नहीं की जा रही है और बाहर जांच कराने पर करीब 1700 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। एक अन्य मरीज पूनम शुक्ला ने आरोप लगाया कि अस्पताल में प्रोजेस्ट्रोन इंजेक्शन उपलब्ध नहीं कराए गए, जिसके चलते उन्हें बाहर से इंजेक्शन लगवाने पड़े। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।



महिला अस्पताल में पड़ताल करतीं अधिकारी। ● अमृत विचार

- कई प्रशासनिक अफसरों ने किया औचक निरीक्षण
- बदसलूकी व सुविधाएं कम होने की शिकायत मिलीं

# घर के सामने बाइक खड़ी करने से मना करने पर पथराव, फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** घर के बाहर बाइक खड़ी करने को मना करने पर दबंगों ने बवाल कर दिया। आरोपियों ने घर पर पथराव कर युवक को जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए जिस पर आरोपी चले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।।

बारादरी के घेर जाफर खां निवासी नाजिम ने बताया कि रविवार की रात मोहल्ले के रहने वाले इरफान ने उसके घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। उनकी मां ने बाइक हटाने को कहा तो आरोपी उनके साथ अभद्रता करने लगा और लात मारकर गेट को तोड़ने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी ने अपने साथी इमरान और सुब्हान को बुला लिया। तीनों आरोपियों ने उसके घर पर पथराव कर दिया। यह देखकर परिवार छत पर चला गया। इस पर इरफान ने तमंचा निकालकर उस पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग बाहर निकल आए। जिस पर आरोपी वहां से चले गए। इंस्पेक्टर बारादरी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों पर पथराव और गोली चलाने का आरोप है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी। ● अमृत विचार

- दबंगों ने लातें मारकर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को पकड़ा

### मुड़िया अहमद नगर में राजस्व टीम ने की कब्रिस्तान की पैमाइश

**बरेली, अमृत विचार:** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के ग्राम मुड़िया अहमद नगर में रविवार को शव यात्रा मार्ग को लेकर विवाद हो गया था। समस्या का समाधान करने के लिए सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने कब्रिस्तान की जमीन की पैमाइश की।

विवार को मुड़िया अहमद नगर में 50 वर्षीय श्रीराम पुत्र चिरौंजी लाल की मृत्यु होने पर उनकी शव यात्रा को विजेंद्र के प्लाट से लेकर गुजारा जा रहा था। विजेंद्र व उसके परिवार ने विरोध किया। हंगामे की सूचना पर थाना इज्जतनगर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची। टीम ने विजेंद्र पक्ष को समझा-बुझाकर शव श्मशान तक पहुंचवाया। इस समस्या का हमेशा के लिए समाधान करने के लिए सोमवार को राजस्व विभाग की टीम पहुंची और कब्रिस्तान की जमीन की पैमाइश की। बताया जा रहा है कि कब्रिस्तान की दीवार से ही श्मशान के लिए रास्ता दिया जाएगा।

# युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने का आरोपी दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इज्जतनगर पुलिस ने फिरौती के लिए किए गए अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक क्रेटा कार, दो मोबाइल फोन और युवक के हाथ बांधने में इस्तेमाल की गई टी-शर्ट भी बरामद की है। फरार तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

थाना इज्जतनगर क्षेत्र में नौ मई की रात करीब साढ़े नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि फन सिटी के सामने से अभिषेक पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी ग्राम सिसैया थाना भुता का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और एसएसपी के निर्देशन व एसपी सिटी के पर्यवेक्षण में दो टीमों का गठन कर तलाश शुरू कर दी गई। रविवार सुबह पुलिस ने अभिषेक को बरामद कर उमाशंकर पुत्र मोहनलाल निवासी चंदपुर ख्यालीराम थाना क्योलड़िया को गिरफ्तार किया। उसके साथी आकाश गंगवार, हरनेश गंगवार और विमल गंगवार फरार हो गए। इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि उमाशंकर को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी उमाशंकर।

- तीन साथी फरार, पुलिस कर रही आरोपियों को तलाश

### पार्क में खेलते समय लापता हुई किशोरी

**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्रनगर स्थित पीडब्ल्यूडी कॉलोनी से एक किशोरी के लापता हो गई। पार्क में खेलने गई 14 वर्षीय बच्ची देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परिवार ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी सिंचाई विभाग के कर्मचारी ने बताया कि रविवार शाम उनका 10 वर्षीय बेटा और 14 वर्षीय बेटी टैगोर पार्क सी ब्लॉक में खेलने गए थे। शाम करीब सात बजे दोनों बच्चे घर लौटने के लिए निकले, लेकिन बेटा घर पहुंच गया जबकि बेटी लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, बेटी ने सफेद टी-शर्ट, नीली लाइनदार शर्ट, नीली जींस और गुलाबी रंग की चप्पलें पहन रखी हैं। परिवार ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां तलाश किया। घटना के बाद परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटी की जल्द तलाश कराने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोर लापता, रिश्तेदार पर अपहरण का शक जता लिखाई रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने रिश्तेदार पक्ष के कुछ लोगों पर किशोर को गायब कराने का आरोप लगाया है। रामगंगा नगर आवासीय योजना निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा लक्ष्य गुप्ता रविवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से लापता हो गया। काफी तलाश और रिश्तेदारों से संपर्क करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। उनकी बेटी की शादी कासगंज निवासी रवि गुप्ता से हुई थी। पारिवारिक विवाद और संपत्ति बंटवारे को लेकर लंबे समय से तनाव चल रहा था। कुछ दिन पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने मोबाइल फोन पर परिवार को जान से मारने और देख लेने की धमकी दी थी। मनोज कुमार ने आशंका जताई कि उन्हीं लोगों ने उनके बेटे को गायब कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रामगंगा फीडर का केबल बॉक्स जला, घंटों बत्ती गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में बिजली कटौती थमने का नाम नहीं ले रही है। भोर से देर रात तक बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

सोमवार को रामगंगा फीडर पर जंफर उड़ने के कारण बिजली कटौती हुई। मढ़ीनाथ उपकेंद्र पाल कॉलोनी के ट्रांसफार्मर का लोड महेश सेलर ट्रांसफार्मर पर शिफ्ट किया गया। दुर्गानगर उपकेंद्र के वनखंडीनाथ फीडर आवास विकास पार्क वाले 250 केवीए ट्रांसफार्मर पर साफ-सफाई का काम किए जाने के कारण बिजली संकट रहा। हरूनगला उपकेंद्र के 11 केवी रामगंगा फीडर का केबल बॉक्स जलने के कारण चार घंटे बिजली कटौती हुई। दुर्गा नगर के संजय नगर, किला के खुर्शीद आलम खन्नू मोहल्ले में लोकल फॉल्ट के कारण बिजली कटौती हुई। इसी तरह किला के फूटा दरवाजा में बंच केबल जलकर टूटने के कारण बिजली संकट रहा। सुभाष नगर के शुगर फैक्ट्री कंपाउंड में नेकपुर, सीबीगंज के परसाखेड़ा में पोल बॉक्स में ओपन कनेक्शन होने के कारण पोल में करंट आने की समस्या रही। बीडीए कॉलोनी त्रिवटीनाथ मंदिर के लोगों ने एक्सईएन को शिकायती पत्र देकर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की।

- फूटा दरवाजा के पास बंच केबल जलने से रहा बिजली संकट
- सुबह से रात तक बिजली के लिए परेशान होते रहे उपभोक्ता

### बिजली व्यवस्था हो रही स्मार्ट, उपभोक्ता बेहाल

**बरेली, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के तहत बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए किए जा रहे बदलाव अब उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। बिजली विभाग में निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी और लगातार बदलती कार्यप्रणाली से लोग भ्रमित हैं। गलत बिलिंग, स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी, बिजली कटौती और शिकायत निस्तारण में देरी जैसी समस्याओं से उपभोक्ता परेशान हैं। किला, सीबीगंज, इज्जतनगर, सुभाषनगर, संजयनगर, गंगापुर, शिवाजीमार्ग और भोजीपुरा क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि बिजली फॉल्ट होने पर हेल्पलाइन नंबर तक संपर्क नहीं हो पाता। कई बार घंटों बिजली गुल रहती है, लेकिन जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचते। वहीं स्मार्ट मीटरों में तकनीकी खराबी के कारण अधिक बिल आने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत करने पर भी समय से समाधान नहीं मिलता। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि नई व्यवस्था जटिल होने से उनके अधिकार सीमित हो गए हैं। साथ ही मीटर चार्ज, सर्विस शुल्क और विलंब शुल्क के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ता जा रहा है।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को घर में घुसकर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** पति-पत्नी और वो के चक्कर में पत्नी ने प्रेमी और उसे साथियों के साथ मिलकर पति के घर पर ही हमला बोल दिया। आरोपियों ने पति को जमकर पीटा। परिवार और आस-पास के लोगों ने युवक का बचाया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कैंट के अभयपुर निवासी सनी ने बताया कि रविवार देर रात वह घर पर खाना खाकर बैठा था। उसकी पत्नी अपने प्रेमी और कुछ साथियों के साथ आई। उन लोगों ने अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पिटाई से वह लहूलुहान हो गया। उसके परिजन और आस-पास के लोगों ने बीच बचाव कर उसे बचाया। पीड़ित ने बताया कि उसकी शादी करीब छह महीने पहले हुई थी, लेकिन पत्नी काफी समय से अपने मायके किला क्षेत्र में रह रही है। उसने पत्नी पर कई लोगों से प्रेम संबंध होने का आरोप लगाया। कहा कि आरोपी पक्ष आए दिन घर पहुंचकर धमकी देता है और दबंगई करता है। फिलहाल पीड़ित सनी ने अपने माता-पिता के साथ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने हेलो कैफे पर बैंक को फिर दिलाया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना बारादरी क्षेत्र में हरुनगला स्थित हैलो कैफे एंड बार की बंधक संपत्ति पर पुलिस-प्रशासन ने फिर से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन को कब्जा दिला दिया। भारी फोर्स की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पूर्व में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के आदेश पर सरफेशी अधिनियम के तहत बैंक आफ बड़ौदा को पुलिस ने प्रॉपर्टी पर कब्जा दिलाया गया था। बैंक संपत्ति की नीलामी करने वाली थी। आरोप है कि 1 अप्रेल को मै. कारसा/ एनपीए ऋण खाते के प्रोपराइटर रजत अग्रवाल ने साथियों संग मिलकर बैंक की बंधक संपत्ति पर कब्जा कर लिया था। अपने ताले डालकर वहां दोबारा से बार चलाने लगे थे। इस मामले में 9 अप्रैल को थाना बारादरी में केस दर्ज कराया गया था। मामले की विवेचना सब इंस्पेक्टर नितिन राणा कर रहे हैं। इंस्पेक्टर बारादरी बिजेन्द्र सिंह ने पर्याप्त फोर्स एवं गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी प्रदीप रावटे की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए विवादित बंधक संपत्ति हैलो कैफे को कब्जाधारक रजत अग्रवाल से पुनः बैंक को कब्जा दिला दिया गया।



कैफे में कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- बैंक के ताले तोड़कर शुरू कर दिया था बार
- बारादरी थाने में हुई थी आरोपियों पर रिपोर्ट

# नशे के कारोबारियों पर कहर बनकर बरसीं 'लेडी सिंघम'

कार्यालय संवददाता, बरेली

**अमृत विचार :** देहात क्षेत्र में नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एसपी नॉर्थ अंशिका वर्मा सख्त तेवर में नजर आ रही हैं। जिले में लोग उन्हें अब 'लेडी सिंघम' के नाम से पुकारने लगे हैं। जनवरी से अब तक उनके नेतृत्व में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस अभियान के दौरान करीब 18 करोड़ रुपये कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इनमें स्मैक, गांजा, अफीम और अन्य नशीले पदार्थ शामिल हैं। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल होने वाले कई वाहन भी जब्त किए हैं।

एसपी नॉर्थ के निर्देशन में फतेहगंज पश्चिमी, फतेहगंज पूर्वी, मीरगंज, फरीदपुर और आंवला थाना क्षेत्रों में लगातार दबिश और चेकिंग अभियान चलाए गए। कई मामलों में अंतरजनपदीय तस्कर गिरोहों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने स्थानीय स्तर पर नशे का नेटवर्क संचालित करने वालों की सूची तैयार कर निगरानी बढ़ा दी है।

एसपी नॉर्थ अंशिका वर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने और अपराध पर नियंत्रण के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने और बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि अभियान के चलते ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में नशे के कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगा है।

- एसपी नॉर्थ अंशिका वर्मा ने चलाया अभियान, 101 तस्कर दबोचकर जेल भेजे गए

### सड़क पार करते समय वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बरेली, अमृत विचार:** मीरगंज क्षेत्र के कुल्छा खुर्द गांव निवासी ओमप्रकाश (35) कस्बे स्थित बाबा ढाबा पर काम करते थे। रविवार शाम वह काम खत्म कर घर लौट रहे थे। हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बेटों को छोड़ गए हैं।

# अधिवक्ता से माफिया गिरोह के नाम पर मांगी रंगदारी

**बरेली, अमृत विचार:** हेलो, मैं लल्ला गद्दी बोल रहा हूं। मुझे तुम्हारे बेटे की हत्या की 5 लाख की सुपारी दी गई है। 10 दिनों में तुम्हारे बेटे की हत्या कर दूंगा। बेटे को जिंदा देखना चाहते हो तो दो लाख रुपये दो..। कुछ इस तरह की धमकी फोन पर अधिवक्ता चंद्रभान सिंह को मिली है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

एडवोकेट चंद्रभान सिंह चौबारी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बेटे अर्पित सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन करने वाले ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया और फिर खुद को लल्ला गद्दी बताते हुए कहा कि उसे अर्पित की हत्या का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। दो लाख रुपये नहीं दिए गए, तो 10 दिन के भीतर वारदात को अंजाम दे देगा। अधिवक्ता के अनुसार, 7 मई की रात 08:09 बजे कॉल कर डराया गया। बार-बार पूछने पर फोन करने वाले ने खुद को लल्ला गद्दी बताया। हो सकता है कि फोन करने वाले ने पहचान छिपाने को गलत नाम बोला है। चुनौती दी है कि बेटे को बचा सकते हो तो बचा लो। कैंट पुलिस जांच में जुट गई है।

- एडवोकेट को फोन पर दी गई बेटे की हत्या की धमकी
- अपराधी लल्ला गद्दी के नाम पर किया गया आतंकित

## पूरनपुर में पेट्रोल पंप पर विवाद में बरेली के बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**बरेली/ पीलीभीत, अमृत विचार :** पूरनपुर क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी को धमकाने के मामले में पुलिस ने बैंक मैनेजर को गिरफ्तार किया है। इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले आरोपी मैनेजर विश्वनाथ के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

घटना सोमवार सुबह आठ बजे की है। पूरनपुर-पीलीभीत रोड स्थित समरथ फिलिंग स्टेशन पर सुबह सीएनजी भरवाने पहुंचे बैंक मैनेजर विश्वनाथ का सेल्समैन से विवाद हो गया था। कर्मचारी नंदपाल ने पुलिस में पिस्टलनुमा चीज से धमकाने, अभद्रता करने का का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने सीसीटीवी के जरिए बरेली में इज्जतनगर की ब्लिस कॉलोनी निवासी शिवनाथ की पहचान कर अरेस्टिंग कर ली। वह पलिया कलां में आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में ब्रांच मैनेजर बताए गए हैं। इंस्पेक्टर पूरनपुर ने बताया कि पिस्टलनुमा वस्तु जांच में लाइटर निकली है।

# 120 किमी की रफ्तार से दौड़ी ओएमएस स्पेशल

## रेल संरक्षा आयुक्त ने बितरोई-मानपुर नगरिया रेलखंड पर मेजर ब्रिज और एसईजे प्वाइंट की परखी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रेलखंड का निरीक्षण करने पहुंचे रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीत सक्सेना।

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल में सोमवार को रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीत सक्सेना ने बितरोई-मानपुर नगरिया रेलखंड का गहन संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओएमएस स्पेशल ट्रेन से मेजर ब्रिज संख्या-410 और एसईजे प्वाइंट संख्या 41-42 की तकनीकी जांच की गई। इस दौरान 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ओएमएस स्पेशल दौड़ी।

रेल संरक्षा आयुक्त ने किमी 398/8 से 399/13 के मध्य स्थित मेजर पुल का निरीक्षण करने के बाद मानपुर नगरिया स्टेशन तक ट्रैक और संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद सोरों शूकर से बितरोई रेलखंड पर ओएमएस स्पेशल ट्रेन का 120 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से सफल स्पीड ट्रायल किया गया। इसके अलावा रेल संरक्षा आयुक्त ने इज्जतनगर-लालकुआं-काशीपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। इस दौरान स्टील गर्डर ब्रिज संख्या-92 की संरक्षा व्यवस्था की भी गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य इंजीनियर नीलमणि, मुख्य ब्रिज इंजीनियर राजीव वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार समेत इज्जतनगर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बरेली को मिली एक और स्पेशल ट्रेन, चंडीगढ़ तक सफर होगा आसान

**बरेली, अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए रेलवे ने वाराणसी-चंडीगढ़-वाराणसी आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बरेली होकर गुजरेगी। ट्रेन संख्या 04227 वाराणसी से 14 मई से 12 जुलाई तक हर गुरुवार और रविवार को चलेगी। जबकि 04228 चंडीगढ़ से 15 मई से 13 जुलाई तक शुक्रवार और सोमवार को संचालित होगी। कुल 18 फेरों के लिए चलाई जा रही इस स्पेशल ट्रेन में ऐसी कोच लगाए जाएंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने बताया कि वाराणसी से चलने वाली स्पेशल ट्रेन संख्या 04227 बरेली स्टेशन पर रात 9 :15 बजे पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद 9 :17 बजे चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी। ट्रेन का ठहराव लखनऊ, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर और अंबाला कैंट सहित प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा। बरेली मंडल के यात्रियों को इससे रिजर्व सीटों की उपलब्धता बढ़ने और लंबी वेटिंग की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

### छुट्टियों से पहले ट्रेनों में लंबी वेटिंग से यात्री परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियां शुरू होने से पहले ही ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। स्कूलों में 20 मई से अवकाश शुरू होने के चलते परिवार समेत घूमने जाने वालों ने पहले से टिकट बुक करा लिए हैं। इसके कारण जंक्शन से गुजरने वाली अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों में कंफर्म सीट मिलना मुश्किल हो गया है। खासकर जम्मू, उत्तराखंड, गोवा और राजस्थान जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग 100 से 150 तक पहुंच गई है। वैष्णो देवी, जम्मूतवी, ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, मसूरी, शिमला और गोवा जाने वाले यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अमरनाथ एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस और योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में जून तक लंबी वेटिंग चल रही है। मुंबई, गुवाहाटी और दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों का भी यही हाल है। आरक्षण केंद्रों पर सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं, जबकि तत्काल टिकट में भी सीट मिलने की उम्मीद कम है। टिकट कंफर्म न होने से कई यात्रियों को बस या निजी वाहन से सफर की तैयारी करनी पड़ रही है।

## हनुमान मंदिर के पास शराब की दुकान का विरोध


विरोध जताते मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ अन्य लोगों ने जिला आबकारी अधिकारी को दिया पत्र**

**अमृत विचार:** मलूकपुर क्षेत्र में बंदरों वाला हनुमान मंदिर के पास दोबारा शराब की दुकान खोले जाने को लेकर स्थानीय लोगों और मंदिर ट्रस्ट में नाराजगी है। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों ने जिला आबकारी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दुकान को तत्काल हटाने की मांग की है।

मंदिर ट्रस्ट की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि पुरानी पुलिस चौकी के पास स्थित हनुमान मंदिर के निकट नियमों की अनदेखी करते हुए शराब की दुकान खोली गई है, जिससे धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इससे पहले भी इसी मामले में आबकारी विभाग को अवगत कराया गया था, जिसके बाद विभागीय जांच में तथ्यों को सही मानते हुए दुकान को निरस्त किया गया था। इसके बावजूद उसी स्थान के आसपास शराब की दुकान फिर खोली गई है। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों का कहना है कि धार्मिक स्थल के समीप शराब की दुकान खुलने से श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की भावनाएं आहत हो रही हैं। इस मौके पर प्रभात रावत, रोहित अग्रवाल, सुनील शर्मा सुमित सैनी, आदि मौजूद रहे

# चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पहली बोर्ड बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

कार्यालय संवाददाता, बरेली


चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री वेलफेयर एसो. की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** सैन्ट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन प्रबंध समिति की पहली बैठक सोमवार को बरेली क्लब में हुई। इस दौरान नव-निर्वाचित पदाधिकारियों और प्रबंध समिति सदस्यों का परिचय कराया गया।

अध्यक्ष राजीव सिंघल ने बताया कि इस बार बोर्ड में परसाखेड़ा, भोजीपुरा और फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि उद्योगों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रशासनिक सहयोग से कराया जा सके। बैठक में संस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने घोषणा की कि इसी माह संस्था की 61वीं वार्षिक आम सभा और प्रशासनिक पुरस्कार वितरण किया जाएगा। सदस्यों के

- **चैम्बर ऑफ कामर्स भवन के निर्माण को खरीदी जाएगी भूमि**

बीच मैत्रीपूर्ण डे-नाइट क्रिकेट मैच भी कराया जाएगा। बैठक में व्यापार और उद्योग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संगोष्ठी का निर्णय लिया गया। आगामी माह में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार और मुंबई के विशेषज्ञों द्वारा पब्लिक इश्यू एवं आईपीओ विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी। संस्था ने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए कॉर्पस फंड बनाने और संस्था के स्थायी कार्यालय के लिए जमीन खरीदने का पर भी मुहर लगी है। पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, अभिनव अग्रवाल, अल्पित अग्रवाल, अजय शुक्ला, मुनिश मित्तल, रोशन अग्रवाल, आलोक गुप्ता, अमित अग्रवाल, प्रशांत गोयल, संजय अग्रवाल, संदीप टंडन और तुषार गोयल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। संचालन सचिव शरद अग्रवाल ने किया।

## फेसबुक दोस्त ने फोटो एडिट कर तुड़वा दी शादी

**बरेली, अमृत विचार :** फेसबुक दोस्त ने युवती के फोटो एडिट करउसके होने वाले पति को भेज दिए। इसके बाद लड़के वालों ने रिश्ता तोड़ दिया। शिकायत पर मारपीट की।

बारादरी के कालीबाड़ी निवासी युवती ने बताया कि कुछ समय पहले उनकी फेसबुक के माध्यम से अमरोहा के सुशील राणा से पहचान हुई थी। इसके बाद उन्होंने एक दूसरे से कई मुलाकातें कीं और सुशील ने फोटो भी खींचे। इसी बीच उसकी शादी पिता ने हल्द्वानी से तय कर दी। यह बात जब सुशील को पता चली तो फोटो एडिट करके उसकी होने वाली ससुराल में भेज दिया जिससे उसका रिश्ता टूट गया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी अपने साथी के साथ उसके घर में घुस आया और मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ऑफलाइन तबादलों के विरोध में पशु चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सीवीओ को ज्ञापन सौंपते पशु चिकित्सा संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **पशु चिकित्सा संघ के आह्वान पर सीएम को संबोधित ज्ञापन सीवीओ को सौंपा**
- **चिकित्सकों ने की पारदर्शी ऑनलाइन ट्रांसफर नीति लागू करने की मांग**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ के आह्वान पर सोमवार को पशु चिकित्सकों ने स्थानांतरण नीति में कथित अनियमितताओं के विरुद्ध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में सदस्यों ने विकास भवन पहुंचकर सीवीओ डा. मनमोहन पांडेय को सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा।


संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि सरकार हर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर रही है, वहीं पशुपालन विभाग में चोरी-छिपे ऑफलाइन तबादले किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया किसी भी प्रकार से न्यायसंगत नहीं है। महामंत्री डॉ. राजेश यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने तत्काल प्रभाव से इन ऑफलाइन स्थानांतरणों पर रोक नहीं लगाई और पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था लागू नहीं की, तो प्रदेश व्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा। इस व्यवस्था के विरोध में पशु चिकित्सकों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी की। डॉक्टरों का कहना है वे सेवा कार्य बाधित नहीं करना चाहते, लेकिन अपने स्वाभिमान और विभाग की पारदर्शिता के लिए यह शांतिपूर्ण विरोध आवश्यक है। इस दौरान डा. नरेश चंद्र गंगवार, डा. सुनैना सिंह, डा. सुमित, डा. राजीव आदि सदस्य मौजूद रहे।

## दादी कृपा लुटाने लगी हैं, हमें झुंझुनू बुलाने लगी हैं पर झूमे श्रद्धालु

**बरेली, अमृत विचार:** आनंद आश्रम के सत्संग भवन में सोमवार को दादी परिवार बरेली की ओर से ज्येष्ठ माह की नवमी पर भव्य श्री दादी कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन गायक कुक्की अरोरा एवं दादी परिवार की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। विशेष रूप से दादी कृपा लुटाने लगी है, हमें झुंझुनू बुलाने लगी है पर श्रद्धालु झूम उठे। सुबह के सत्र में नैमिषारण्य के आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने भागवत कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और मानव जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डाला। आनंद आश्रम प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, राजेंद्र जालान, शशिकांत मोदी, नरसिंह मोदी एवं रवि बूबना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### मौलाना तौसीफ के परिजनों को दी पांच लाख की मदद



**बरेली, अमृत विचार :** जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने किशनगंज, बिहार पहुंचकर मौलाना तौसीफ रजा मजहरी के परिवार से मुलाकात की और 5 लाख की आर्थिक सहायता सौंपी। राशि उनकी पत्नी और पिता को 2.5-2.5 लाख रुपये के रूप में दी गई। उर्स ए ताजुश्शरिया से लौट रहे मौलाना तौसीफ का शव कैंट स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। परिजनों ने ट्रेन में पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पत्नी की तहरीर पर जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खान के निर्देश पर फरमान मियां रविवार को मौलाना तौसीफ रजा के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। मोइन खान, शाहबुद्दीन रजवी और जुनैद रजा भी साथ मौजूद रहे।

### जिम और हेल्थ क्लब संचालकों ने उठाईं विभिन्न समस्याएं




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन की बैठक सोमवार को कोहाड़ापीर स्थित हेल्थ क्लब में आयोजित हुई। बैठक में शहर के जिम और हेल्थ क्लब संचालकों ने फिटनेस इंडस्ट्री से जुड़ी समस्याओं को उठाया। बैठक में बिजली बिल, लाइसेंसिंग, बढ़ते खर्च और स्थान की कमी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। संचालकों ने कहा कि फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक सहयोग जरूरी है। पदाधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में हाल ही में चर्चा में रहे एक जिम प्रकरण पर भी चिंता जताई गई। एसोसिएशन के संरक्षक परवेज मियां ने कहा कि कुछ घटनाओं से पूरे फिटनेस सेक्टर की छवि प्रभावित होती है, इसलिए कानून और नैतिकता के दायरे में रहकर कार्य करना चाहिए। महासचिव विपिन बाबा ने अनुशासन और पारदर्शिता पर जोर दिया। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर फिटनेस की ओर प्रेरित करना प्राथमिकता है। बैठक में सलीम अख्तर, वसीम हुसैन, मोहम्मद अलीम, आसीम सकलैनी, ताहिर अली समेत कई जिम संचालक मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र और बुजुर्ग दंपतीयों को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना और डॉ. शैलेश सक्सेना ने अपने माता-पिता उमेश चंद्र व ओमवती सक्सेना की तृतीय पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी और पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं बुजुर्गों को सम्मानित किया। इस दौरान हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 145 छात्र-छात्राओं और 50 वर्ष की वैवाहिक वर्षगांठ पूर्ण कर चुके 35 बुजुर्ग दंपत्तियों का सम्मान हुआ। इंजी. सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज सक्सेना, डॉ. पूर्णिमा अनिल, शिवकुमार, संजीव यादव, राजेश अग्रवाल, डॉ. अनीस बेग, रविंद्र यादव, मनोहर पटेल, मयंक शुक्ला, अरुण यादव, अनिल कंचन, अभिषेक सक्सेना, उत्तम सक्सेना, अमित सक्सेना, राघव गुप्ता आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चौपुला पुल पर अंडरपास की मांग लेकर एडीआरएम से मिले




**बरेली, अमृत विचार :** चौपला-बदायूं रोड रेल अंडरपास की मांग को लेकर सोमवार को संघर्ष समिति ने आंदोलन तेज कर दिया। समिति के सदस्य सोमवार सुबह मुरादाबाद स्थित डीआरएम कार्यालय पहुंचे और एडीआरएम पारितोष से मुलाकात कर चौपला क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू कराया। समिति के सदस्यों ने कहा कि चौपला पुल मरम्मत के लिए करीब 50 दिन बंद रहने की संभावना जताई जा रही है। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में वैकल्पिक मार्ग के तौर पर रेल अंडरपास बनाया जाना जरूरी हो गया है। एडीआरएम पारितोष ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इंजीनियरिंग विभाग से परीक्षण कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीआरएम विनीता श्रीवास्तव के हरिद्वार में होने के चलते समिति के संयोजक राजेश अग्रवाल ने उनसे फोन पर बातचीत की। डीआरएम ने भी मामले को गंभीरता से देखने का भरोसा दिया। प्रदीप गुप्ता, नमनदीप सिंह, अरुण शर्मा, नंदन मनराल, छवि, अरुण अग्निहोत्री, देवांश समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कृषि निर्यात क्लस्टर बनाएं, अनुदान पाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई की बैठक करते डीएम अविनाश सिंह।

- **डीएम अविनाश सिंह बोले- किसानों और एफपीओ को योजनाओं से जोड़ें अधिकारी**

**अमृत विचार:** जनपद को कृषि निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की कवायद तेज हो गई है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई की बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को कृषि निर्यात बढ़ाने और किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

बैठक में ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक सोमपाल सिंह यादव ने बताया कि कृषि निर्यात क्लस्टर विकसित करने पर 50 से 100 हेक्टेयर क्षेत्र तक 10 लाख रुपये तक प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि अतिरिक्त क्षेत्र बढ़ने पर अलग से सहायता दी जाएगी। योजना के तहत कुल उत्पादन का कम से कम 30 प्रतिशत निर्यात करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि नई पैक हाउस, शीतगृह और प्रसंस्करण इकाइयों को भी अनुदान दिया जाएगा। बैठक में जीएपी, ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन और एमआरएल परीक्षण पर मिलने वाली प्रतिपूर्ति सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। निर्यातकों ने गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग, परिवहन और विपणन से जुड़ी समस्याएं डीएम के सामने रखीं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और आधुनिक पैकेजिंग जरूरी है। बैठक में निर्यातक निहाल सिंह, मोहम्मद शाहिर, प्रगतिशील कृषक रामवीर सिंह समेत एफपीओ प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाभी की हत्या करने वाले देवर को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

- **दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया**

**अमृत विचार:** अवैध संबंधों से इंकार पर अपनी भाभी को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतारने वाले देवर मीरगंज के ठिरिया खुर्द निवासी आरोपी प्रदीप उर्फ प्रतीक को जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे के दौरान 11 गवाह और 23 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने इस जघन्य अपराध के लिए आरोपी को दोषी माना।

सरकारी अधिवक्ता (डीजीसी क्राइम) रीतराम राजपूत के अनुसार, देवकी देवी का विवाह करीब 11 वर्ष पूर्व मोहन भूरजी से हुआ था। देवर प्रदीप उस पर शारीरिक संबंध बनाने का अनैतिक दबाव डालता था और उसे पत्नी बनाकर रखना चाहता था। देवकी ने इसकी शिकायत अपने पति और सास-ससुर से भी की थी, लेकिन उन्होंने बहू का साथ देने के बजाय प्रतीक का पक्ष लिया। 14 नवंबर 2019 को प्रतीक ने दोबारा देवकी पर दबाव बनाया। उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे कमरे में बंद कर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी देवकी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया था। सात साल चले कानूनी संघर्ष के बाद अब मृतका के परिवार को न्याय मिला है।

# औद्योगिक गलियारे को भूमि चिन्हित करने की कवायद तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **उप जिलाधिकारियों को लगभग एक हजार हेक्टेयर भूमि चिन्हित करने के निर्देश**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक गलियारा (आईएमएलसी) परियोजना को लेकर बरेली प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से सभी उप जिलाधिकारियों (आंवला को छोड़कर) को अपनी-अपनी तहसीलों में लगभग एक हजार हेक्टेयर उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि औद्योगिक गलियारा के लिए ऐसी भूमि चिन्हित की जाए जो एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग अथवा अन्य प्रमुख मार्गों से जुड़ी हो। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भूमि जलभराव मुक्त होनी चाहिए और वहां आबादी कम से कम हो, जिससे भूमि क्रय या अर्जन की प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सके।

साथ ही भूमि पर नहर, हाईटेंशन लाइन जैसी बाधाएं भी नहीं होनी चाहिए। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे राजस्व मानचित्र पर स्पष्ट बाह्य सीमा अंकित करते हुए भूमि का पूरा विवरण विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराएं। माना जा रहा है कि औद्योगिक गलियारा विकसित होने से बरेली मंडल में निवेश, रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# एसबीआई कर्मचारियों का मांगों को लेकर मौन प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **भर्ती, पेंशन और सेवा शर्तों को लेकर उठाई आवाज**

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के आह्वान पर सोमवार को बरेली परिक्षेत्र में स्टेट बैंक कर्मचारियों ने प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष मौन प्रदर्शन कर अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया।

कर्मचारियों ने मैसेंजरों और सशस्त्र गार्डों, कर्मचारियों की नियुक्ति, स्थायी पदों पर आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने, वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को इंटर-सर्कल ट्रांसफर सुविधा देने तथा वेतन एवं सेवा शर्तों में समानता की मांग उठाई। इसके अलावा एनपीएस कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर बदलने का विकल्प देने, कैरियर प्रगति योजना की समीक्षा करने और चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना में सुधार की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। उप महामंत्री नवींद्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 12 मई को कर्मचारी मास्क लगाकर कार्य कर विरोध दर्ज कराएंगे। समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 25 और 26 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। प्रदर्शन में क्षेत्रीय सचिव पूजा कौशल, भूपेंद्र कुमार, आंचलिक सचिव विकास कुमार, अध्यक्ष लीलाधर, सचिव अजय वीर, ऋषभ त्रिपाठी, दीप्ति पांडे, रोली सक्सेना, अनुकृति, प्रतिभा, निधि मिश्रा, राधेश्याम, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## नौ खराब नालों का होगा कायाकल्प

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम अब पुराने और जर्जर हो चुके नालों का नए सिरे से निर्माण कराएगा।

सोमवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक में शहर के मुख्य मार्गों और कॉलोनियों के नालों पर चर्चा की। पीलीभीत रोड, बदायूं रोड और सुभाषनगर जैसे इलाकों के उन नौ नालों को प्राथमिकता दी गई, जिनकी दीवारें समय के साथ बेहद कमजोर हो चुकी हैं और जो भारी बारिश के दौरान कभी भी ढह सकते हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि इन नौ नालों की विस्तृत सूची शासन की ओर से नामित संस्था सीएंडडीएस को सौंप दी है। यह संस्था चिन्हित किए गए सभी नालों का निरीक्षण कर बजट का एस्टीमेट तैयार करेगी। इसके बाद एक समग्र विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा, ताकि जल्द से जल्द बजट आवंटित होने पर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर धरातल पर काम शुरू कराया जा सके।

# जनगणना ड्यूटी से बचने को जुगत लगा रहे कर्मचारी

## एसडीएम सदर कार्यालय में 628 कर्मचारियों ने ड्यूटी कटवाने को दिए प्रार्थना पत्र, पशोपेश में अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पारिवारिक मजबूरी तो कोई बीमारी का दे रहा हवाला
- अधिकारियों के चक्कर लगाकर ड्यूटी से मुक्ति की लगा रहे गुहार

**अमृत विचार :** जनगणना में ड्यूटी लगते ही अब कर्मचारियों ने उससे बचने की जुगत भी शुरू कर दी है। कोई शुगर की बीमारी का हवाला दे रहा है तो कोई हार्ट की समस्या बताकर ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। कई कर्मचारी पारिवारिक परेशानियों और निजी कारणों का हवाला देकर राहत मांग रहे हैं।

एसडीएम सदर कार्यालय में अब तक 628 कर्मचारियों ने जनगणना ड्यूटी कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए हैं। इन आवेदनों में अधिकांश ने बीमारी, पारिवारिक दिक्कत और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को आधार बनाया है। जनगणना कार्य के लिए प्रशासन ने बड़े स्तर पर तैयारी की है। एसडीएम सदर क्षेत्र में 1369 प्रगणक और 203 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जबकि नगर निगम समेत विभिन्न विभागों को मिलाकर 12 हजार कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन बड़ी संख्या में कर्मचारियों के ड्यूटी से हटने की मांग ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी। जनगणना के बीच जिले में स्वगणना अभियान में तेजी पकड़ रहा है। अब तक 66,281 लोग स्वयं अपना पंजीकरण कर चुके हैं व प्रदेश में बरेली तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सोनभद्र पहले और आजमगढ़ दूसरे स्थान पर बना हुआ है।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षा मित्र। • अमृत विचार

### जनगणना में डबल ड्यूटी का शिक्षामित्रों ने किया विरोध, सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

- एक ही जगह प्रगणक के रूप में काम लेने की मांग ताकि आसानी से ड्यूटी कर सकें

**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना कार्य में प्रगणक के रूप में लगे शिक्षामित्रों ने डबल प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगाने पर विरोध जताया है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा व एसडीएम सदर प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपकर डबल प्रगणक के रूप में ड्यूटी हटाने की मांग की। जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि ब्लॉक भोजीपुरा के शिक्षामित्र मानसिंह, भूरे खां, सुरेन्द्र पाल सिंह, हरीओम गंगवार, गिरिराज सिंह, रॉक्सी कुमार यादव, रामबेटी गंगवार, प्रतिभा दीक्षित, अनीता रानी, ममता देवी, बबिता, कुमुद कान्त यादव, वीना कुमारी, रमा शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, अंजुम, नरेन्द्र पाल, पूनम रानी, अनिल गंगवार ने प्रगणक रूप में लगी ड्यूटी का प्रशिक्षण भी ले लिया और उसके बावजूद दूसरे ब्लॉक में भी प्रगणक बनाया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गंगवार व ब्लॉक अध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि शिक्षामित्र की दूसरी ड्यूटी लगाना अनुचित है। संगठन से जुड़े अन्य पदाधिकारियों ने भी इसका विरोध किया। उन्होंने मांग की कि ऐसे शिक्षामित्र जिनकी ड्यूटी डबल लगी है उनसे एक जगह प्रगणक के रूप में काम लिया जाए जिससे वे आसानी से जनगणना का कार्य कर सके। इसके साथ ही स्व जनगणना का भी दबाव न बनाया जाए।

# पंडित राधेश्याम की पुण्यतिथि पर नाटकों का होगा मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शोधपीठ के जरिये नई पीढ़ी को हिंदी रंगमंच से जोड़ने की तैयारी
- शोधपीठ को प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ का भवन किया आवंटित

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थित पंडित राधेश्याम कथावाचक शोधपीठ में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शोधपीठ की ओर से पंडित राधेश्याम कथावाचक की 62वीं पुण्यतिथि पर विशेष आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसमें उनके कालजयी नाटकों का मंचन भी किया जाएगा।



पंडित राधेश्याम।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पंडित राधेश्याम कथावाचक के साहित्यिक और रंगमंचीय योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। शोधपीठ के माध्यम से हिंदी रंगमंच, लोकनाट्य और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कार्यक्रमों में प्रदेश भर से साहित्यकार, रंगकर्मी, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग लेंगे। शोधपीठ में नाट्य मंचन, व्याख्यान, संगोष्ठी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए हिंदी रंगमंच की समृद्ध परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह शोधपीठ शोधार्थियों के लिए भी मददगार साबित होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शोधपीठ को प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ का भवन आवंटित किया है। इससे शोधपीठ की गतिविधियों को स्थायी आधार मिलेगा और साहित्यिक-सांस्कृतिक आयोजनों को नई गति प्राप्त होगी।

## सिटी ब्रीफ

### बीकॉम की मिड टर्म परीक्षा कल से

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने बीकॉम के चौथे और छठवें सेमेस्टर की मिडटर्म की परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी। बीकॉम विभाग की चौथे सेमेस्टर की मिडटर्म परीक्षा बुधवार को और छठवें सेमेस्टर परीक्षा गुरुवार को आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षाएं सुबह साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक कक्षा संख्या 21 से 29 तक आयोजित होंगी।

### प्रधानी चुनाव में वोट के लिए दी धमकी

**शीशगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के टांडा छंगा गांव में प्रधानी चुनाव में वोट न देने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। बन्नो पत्नी जहूर हसन ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को उनके देवर अमीर हसन खां मस्जिद जा रहे थे। तभी गांव के अकील अहमद ने रोक लिया। कहा कि पिछले प्रधान के चुनाव में वोट नहीं दिया तो उनके भाई जहूर हसन और अमीर अली खान को 307 के केस में फंसा देगा। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी ने की पैदल गश्त

**सिरौली अमृत विचार :** क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सोमवार को थाना प्रभारी विनोद सिंह ने पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों और संवेदनशील चौराहों पर पैदल गश्त की। पुलिस ने सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भी हिदायत दी कि वे यातायात व्यवस्था में बाधा न डालें। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली और अराजक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 10 से तीन बजे तक बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को ट्रांस फार्मर बदला जाएगा जिससे कस्बा की बिजली सप्लाई व्यवस्था बाधित रहेगी। उपकेन्द्र के जेई रामचंद्र ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 से अपरान्ह तीन बजे तक अंटुआ उपकेन्द्र से पोषित होने वाले कस्बे के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# पशुओं की जांच, बांझपन का किया निदान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने कैरूवा गांव में लगाया शिविर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने फरीदपुर के कैरूवा गांव में विशेष जागरुकता व पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य संस्थान की विकसित उन्नत तकनीकों को प्रयोगशाला से सीधे पशुपालकों तक पहुंचाना रहा। शिविर में पशुओं की गर्भ जांच कर बांझपन के बारे में जानकारी दी गई।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम.के सिंह ने कहा कि संस्थान की नवीनतम तकनीक न केवल पशुओं को गंभीर रोगों से बचा रही हैं, बल्कि पशुपालन को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित कर रही हैं। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. हीरा राम ने गलाघोंटू और खुरपका-मुंहपका जैसे रोगों से बचाव के लिए समयबद्ध टीकाकरण और कृमिनाशन पर जोर दिया। वहीं, डॉ. अनुज चौहान ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए संतुलित पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान वैज्ञानिकों और पशुपालकों के बीच सीधा संवाद हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी व्यावहारिक समस्याएं साझा कीं और विशेषज्ञों ने उनका वैज्ञानिक समाधान प्रदान किया। शिविर में पशुओं के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई और अल्ट्रासोनोग्राफी के माध्यम से गर्भधारण व बांझपन संबंधी समस्याओं का निदान किया गया। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर और कृमिनाशक दवाएं भी दीं। एसटीओ वीर सिंह और तकनीशियन सूरज के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम संस्थान के डीम्ड यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी सक्रिय सहभागिता की और ग्रामीणों को वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रति जागरूक किया।



शिविर में जानकारी देते आईवीआरआई के वैज्ञानिक। • अमृत विचार

# जीआईएस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखी डिजिटल मैपिंग

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग के तीसरे दिन सोमवार को विद्यार्थियों को गूगल अर्थ प्रो का प्रशिक्षण दिया गया।

जीआईएस विश्लेषक श्रुति सक्सेना ने विद्यार्थियों को गूगल अर्थ प्रो के विभिन्न फीचर्स और उनके उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमोंस्ट्रेशन के जरिए किसी स्थान को सर्च करना, ऐतिहासिक इमेजरी देखना, 3डी व्यू समझना तथा डिजिटल मैप्स का उपयोग करना सिखाया। डॉ. गौरव भूषण और डॉ. निष्ठा सेठ का सहयोग रहा। संचालन रवि कुमार गंगवार, अंजलि, मुकेश कुमार और अभिषेक गौतम ने किया। डॉ. जसपाल सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. अनामिका अग्रवाल ने किया।

# प्रधानाचार्यों की बैठक में पोर्टल के क्रियान्वयन, योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना में सहयोग की अपील की

**अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों के तहसील बहेड़ी के प्रधानाचार्यों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में की गई। बैठक में विभिन्न पोर्टलों, योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए विद्यालयों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिला समन्वयक समग्र शिक्षा वीरेंद्र गंगवार ने ट्रैक शिक्षा पोर्टल, यू-डायस पोर्टल पर छात्रों के प्रोग्रेशन एवं एमबीयू पेंडेंसी, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के नोटिफिकेशन अपलोड करने, खान अकादमी पोर्टल पर विद्यार्थियों की सक्रियता तथा परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर विद्यालयों में संचालित वाहनों की सूचनाएं अपडेट करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने 7 से 21 मई तक आठ चरणों में मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना की भी प्रक्रिया समझाई। प्रधानाचार्यों से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। पोर्टलों के संचालन में आ रही तकनीकी समस्याओं एवं अन्य कठिनाइयों का समाधान भी किया गया। तहसील नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल सियाठेरी राकेश बाबू माथुर ने विद्यालयों को विभागीय निर्देशों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहेड़ी की प्रधानाचार्या नंदिनी अनामिका, तकनीकी सहायक के रूप में सोनू यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर समग्र शिक्षा आदि उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मौजूद माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य। • अमृत विचार

# संस्कार भारती की नवीन कार्यकारिणी का गठन



संस्कार भारती बरेली महानगर ब्रज प्रांत की नवीन कार्यकारिणी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** संस्कार भारती बरेली महानगर ब्रज प्रांत की नवीन कार्यकारिणी का गठन सोमवार को किया गया।

शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपमेंद्र सक्सेना को दोबारा अध्यक्ष नियुक्त किया। अमन पटेल को महामंत्री, प्रदीप कुमार झा को कोषाध्यक्ष, नीलिमा रावत को उपाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. अवधेश गोस्वामी को मंचीय कला विद्या संयोजक, डॉ. अनु महाजन को लोक कला विद्या संयोजक, प्रिया सक्सेना को दृश्य कला विद्या संयोजक, अशोक उप्रेती को साहित्य कला विद्या संयोजक, पुष्पा अरुण एवं नीलम वर्मा को मातृ शक्ति संयोजिका, शुभाशीष जोशी को संपर्क प्रमुख तथा भूपेंद्र नाथ वर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। महानगर संरक्षक के रूप में हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष एवं प्रदीप रावत को जिम्मेदारी दी गई। राजकुमार गोस्वामी, रत्ना वर्मा, सूरज मौर्य, उमेश चंद्र गुप्ता, आचार्य देवेंद्र देव, प्रांतीय मंचीय कला संयोजक डॉ. मदन लाल, प्रांतीय मंत्री कुलदीप वर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य पप्पू वर्मा, बदायूं से आए विशिष्ट अतिथि अध्यापक मयंक उपस्थित रहे।

# विधि पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 14 से

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विधि पाठ्यक्रम के सम सेमेस्टर वर्ष 2026 की प्रायोगात्मक एवं आंतरिक परीक्षाओं को 14 मई से शुरू होने जा रही है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि एलएलबी और बीएएलएलबी सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 14 मई से 5 जून तक आयोजित की जाएंगी।

परीक्षाओं में आंतरिक परीक्षक संबंधित महाविद्यालयों से ही होंगे। वहीं, बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय की ओर से की जाएगी जिसकी सूचना महाविद्यालयों को पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद महाविद्यालय स्तर पर प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। निर्धारित तिथि के बाद अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।

# डॉ. भावना सिंह को रचनात्मक लेखन में मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रतिष्ठित वार्षिक पुस्तक निश्छेदक में प्रकाशित हुआ लेख

**अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की एनेस्थीसिया विभाग की चिकित्सक डॉ. भावना सिंह ने रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। इंडियन सोसायटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित लेडीज इन एनेस्थीसिया-क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



डॉ. भावना सिंह।

यह प्रतियोगिता लेडीज इन एनेस्थीसिया स्टोरीज ऑफ स्ट्रेंथ, प्रिसिसिजन और लीगेसी विषय पर आयोजित की गई थी जिसमें प्रदेशभर की महिला एनेस्थीसिया विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। डॉ. भावना सिंह की प्रस्तुति को उसकी मौलिकता, संवेदनशील अभिव्यक्ति और प्रेरणादायक संदेश के लिए विशेष रूप से सराहा गया। उनका लेख प्रतिष्ठित वार्षिक पुस्तक निश्छेदक में भी प्रकाशित किया गया है। चिकित्सा जगत में इस प्रकाशन को विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। डॉ. भावना सिंह विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पुरस्कार और सम्मान हासिल कर चुकी हैं। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने डॉ. भावना सिंह की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और सशक्त योगदान का भी प्रतीक है।

## सिटी डायरी

### छात्राओं को आधुनिक शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास आरंभ

**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ की ओर से समाज सेवा एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कान्ति कपूर गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं की आधुनिक शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यालय में एंड्रॉयड डिजिटल एलईडी बोर्ड स्थापित कराया गया। क्लब की अध्यक्ष प्रीति जिंदल ने बताया कि इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ सदैव समाज हित में कार्य करता आया है। कन्याओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है। छात्राएं डिजिटल युग में आधुनिक तकनीक के साथ बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए एलईडी बोर्ड के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। क्लब सचिव मनीषा पांडेय, कोषाध्यक्ष निधि अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, रंजना ठाकुर, रति गुप्ता, सीमा अग्रवाल, मनीषा मेहरा, बबीता गर्ग आदि कर सहयोग रहा।



### सनातन संस्कृति से युवाओं को जोड़ने की आवश्यकता



**बरेली, अमृत विचार :** सुदामा देवी विद्या मंदिर में आयोजित बालसभा कार्यक्रम में बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और इतिहास से दूर होता जा रहा है। जिसके कारण समाज में अशांति, क्लेश और नैतिक पतन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भौतिक समृद्धि के बावजूद व्यक्ति मानसिक एवं नैतिक रूप से कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं से परिचित कराना समय की आवश्यकता है। सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय परिवार को श्रीराम पटका, बाल रामायण एवं श्री हनुमान चालीसा की प्रतियां भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, अरुण शर्मा, उपासना, रामवती आदि उपस्थित रहे।

### अंडर-12 मिनी आईपीएल में धोपेश्वर फाइटर, त्रिवटीनाथ वॉरियर्स की बड़ी जीत

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्थित रवींद्रनाथ टैगोर अकादमी में आयोजित अंडर-12 मिनी आईपीएल में सोमवार को धोपेश्वर फाइटर और त्रिवटी नाथ वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच बड़े अंतर से जीत लिए। पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए धोपेश्वर फाइटर की टीम ने 19 .5 ओवर में 113 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मढ़ीनाथ इलेवन की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई। पूरी टीम 11 .5 ओवर में केवल 56 रन पर सिमट गई। धोपेश्वर फाइटर ने 57 रन से से जीत दर्ज की। मढ़ीनाथ इलेवन की ओर से मो. आरिज ने सर्वाधिक 11 रन, अशील ने 9 रन, राज यादव ने 8 रन का योगदान दिया। दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिवटी नाथ वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 156 रन बनाए। पशुपति नाथ वॉरियर की टीम 17 .5 ओवर में 74 रन पर ऑलआउट हो गई। त्रिवटी नाथ वॉरियर्स ने 82 रन से जीत हासिल की। दर्शकों को भी दोनों मैचों में रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की गई।




### पहले मैच में एचबीसीसी ने राइजिंग टाइटंस को हराया



**बरेली, अमृत विचार :** निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में जीपी कॉर्पोरेट समर स्मैश क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीए गगन मेहरोत्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले मुकाबले में टॉस जीतकर एचबीसीसी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राइजिंग टाइटंस की टीम 9 विकेट पर 133 रन ही बना सकी। नईब अली ने सर्वाधिक 53 रन बनाए। एचबीसीसी के गेंदबाज बलदेव रावत ने 4 विकेट झटके। एचबीसीसी की टीम ने 15 .3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक सिंह ने 52 रन, बॉबी ने 36 रनों का योगदान दिया। ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते अभिषेक सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले रात्रिकालीन रोशनी में खेले जाएंगे जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट का अनुभव मिलेगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तुलसी मठ में किया रुद्राभिषेक

**अमृत विचार :** सोमनाथ मंदिर की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सोमवार को धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित कलश यात्रा तुलसी मठ से शुरू हुई, जिसमें जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सहभागिता की।

तुलसी मठ में जिलाधिकारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन, ओंकार जाप, महाआरती और रुद्राभिषेक किया। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से गुलजार रहा। धार्मिक अनुष्ठानों और दीपोत्सव से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। डीएम ने श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन भारतीय परंपराओं, सामाजिक समरसता और आस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।



कलश यात्रा में शामिल डीएम अविनाश सिंह।



विश्वविद्यालय में हो रहा सजीव प्रसारण। • अमृत विचार

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विश्वविद्यालय में देखा सजीव प्रसारण

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए सभागार में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ ज्योतिर्लिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा-अर्चना का सजीव प्रसारण किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम पाल सिंह ने कहा कि सोमनाथ पर्व भारतीय संस्कृति की अमर चेतना और अटूट संकल्प का प्रतीक है। आस्था और संस्कृति समय की हर कसौटी पर खरी उतरती हैं तथा सृजन ही स्थायी होता है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक दृढ़ता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम में कुलसचिव हरीश चंद, प्रो. सुमित्रा कुकरेती, प्रो. तुलिका सक्सेना, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. अनिल बिष्ट, डॉ. हरिश भट्ट, डॉ. पवन सिंह, डॉ. अमित कुमार वर्मा, डॉ. विनय ऋषिवाल, डॉ. अश्वनी गुप्ता, तपन वर्मा, सुनील चंद्र सक्सेना आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त से लगाई वेतन दिलाने की गुहार

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के आईईटी में कार्यरत रहे एक कर्मचारी ने सात माह का वेतन न मिलने और शिकायत करने पर नौकरी से निकालने का आरोप लगाया है।

पीलीभीत बाईपास रोड निवासी जितेंद्र कुमार पटेल ने मंडलायुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह आईईटी में कई वर्षों तक कार्यरत रहे। मार्च 2022 से सितंबर 2022 तक सात माह का वेतन, 8500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से भुगतान नहीं किया गया। इसी तरह करीब 200 अन्य कर्मचारियों का वेतन भी लंबित है। वेतन को लेकर उपश्रम आयुक्त बरेली से शिकायत की गई थी। उन्हें सितंबर 2022 के बाद नौकरी से हटा दिया गया। मंडलायुक्त से मामले की जांच कराते हुए न्याय की मांग की है।